# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 16.08.2025

### 1. थाना फेस-2 पुलिस व चोरी करने वाले बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ के संबंध में-

**विवरण--** दिनांक **16.08.2025** को **थाना फेस-2** पुलिस द्वारा सेक्टर-92 चौराहे पर चेकिंग की जा रही थी तभी सामने से एक बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार ने अपनी मोटरसाइकिल एनएसईजेड की ओर मोड़कर भगाने लगा। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल सवार का पीछा किया गया तो अपनी मोटरसाइकिल तेजी से ग्रीन बेल्ट के पास बने नाले की ओर ले गया व सामने से आती दूसरी पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल गिराकर भागने का प्रयास करने लगा। मोटरसाइकिल सवार ने अपने आप को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान सोनू उर्फ पगला पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी गांव सकरा, थाना किशनी, मैनपुरी वर्तमान पता ग्राम गेझा, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब-27 वर्ष के रूप में हुई है। घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 खोखा कारतूस, जिंदा कारतूस (.315 बोर), घटना में प्रयुक्त 01 चोरी की बिना नम्बर प्लेट मोटरसाइकिल व 04 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अभियुक्त सोनू उर्फ पगला का आपराधिक इतिहास--

1. मु0अ0सं0- 663/2016 धारा 380/457 भादवि, थाना सूरजपुर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0- 819/2017 धारा 34/392/411 भादवि, थाना फेस-3, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0- 332/2021 धारा 379/504/506/511 भादवि, थाना फेस-2, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0- 578/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना फेस-2, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
5. मु0अ0सं0- 079/2022 धारा 60 आबकारी एक्ट, थाना सेक्टर-39, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
6. मु0अ0सं0- 477/2023 धारा 13 जुआ एक्ट, थाना फेस-2, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
7. मु0अ0सं0- 158/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट व 136(1)(a)/139 विद्युत अधिनियम, थाना फेस-2, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
8. मु0अ0सं0- 209/2024 धारा 379/411 भादवि, थाना सेक्टर-39, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
9. मु0अ0सं0- 210/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना फेस-2, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

## 2. थाना दादरी पुलिस व गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाशों के बीच हुयी पुलिस मुठभेड के सम्बन्ध में--

**विवरण--** दिनांक **16.08.2025** को **थाना दादरी पुलिस** द्वारा खण्डेरा जाने वाले रास्ते पर नहर के पास चैकिंग की जा रही थी कि तभी सामने से एक मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हें पुलिस द्वारा रूकने का ईशारा किया गया परन्तु वह नहीं रूके, बल्कि मोटरसाइकिल सवार भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस बल द्वारा शक होने पर पीछा किया गया तो अपने आप को घिरता देख मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। जिसमें पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जिसकी पहचान चांद मौहम्मद पुत्र वाहिद खान निवासी ग्राम गंगेरूआ थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर के रूप में हुयी है तथा दूसरे बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान **गिरफ्तार** किया गया है जिसकी पहचान अमन पुत्र रहमत निवासी कठहेरा रोड थाना दादरी गौतमबुद्धनगर के रूप में हुयी है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भेजा गया है। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अवैध तमंचे .315 बोर मय 01 खोखा कारतूस .315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर व 01 मोटर साईकिल स्पलेन्डर प्लस बिना नम्बर प्लेट बरामद हुए है।

अभियुक्तगण शातिर किस्म के ट्रांसफार्मर चोर है। जिनके द्वारा पूर्व मे थाना दादरी क्षेत्रान्तर्गत व आसपास के क्षेत्रो से ट्राँसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर तेल व ट्राँसफार्मर के उपकरण चोरी करने की घटनाओ को अन्जाम दिया गया है। अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### आपराधिक इतिहास--

- **चांद मौहम्मद पुत्र वाहिद खान नि0 ग्राम गंगेरूआ थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर--**

1. मु0अ0सं0 0417/2025 धारा 2/3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 0003/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व 136 विधुत अधिनियम थाना जारचा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर
3. मु0अ0सं0 0273/2022 धारा 379/411 भादवि थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 0610/2022 धारा 414 भादवि थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर।
5. मु0अ0सं0 0612/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर।
6. मु0अ0सं0 0925/2016 धारा 138बी विधुत अधिनियम थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर
7. मु0अ0सं0 0425/2010 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर बुलन्दशहर।
8. मु0अ0सं0 0744/2010 धारा 420/411 भादवि व 41/102 सीआरपीसी थाना कोतवाली नगर बुलन्दशहर।

- अमन पुत्र रहमत निवासी कठहैरा रोड थाना दादरी गौतमबुद्धनगर--

1. मु0अ0सं0 0417/2025 धारा 2/3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 0006/2025 धारा 303(2)/324(5)/317(2) बीएनएस थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 0003/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व 136 विधुत अधिनियम थाना जारचा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।